# THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING

## UCHCHA MADHYAMIK PARIKSHA, 2023

## Hindi
## (Old Syllabus)

**Time : 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks : 100**

(First 15 Minutes for reading the question paper)

## (General Instructions for the Examinees)

All Candidates should answer First Paper and Second Paper in one Answer Booklet.

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

First 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

In the right side the marks of questions are given.

**प्रथम प्रश्नपत्र** **Full Marks-50**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दस* प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए —

लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि।
चींटी लै शक्कर चली, हाथी के सिर धूरि।। 5

**2.** माखन दधि मैरी सब खायौ बहुत अचगरी कीन्हीं
अब तौ घात परे हो ललना तुम्हैं भले मैं चीन्हीं।।

(क) उपर्युक्त पंक्ति का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखें।

(ख) उक्त पंक्ति किस भाषा में रचित है?

(ग) उक्त पंक्ति की व्याख्या कीजिए। 2+1+2

**3.** तुलसीदास ने मध्यकालीन समाज की जो छवि अपने काव्य में प्रस्तुत की है, उसका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत करें। 5

**4.** 'मीरा विरह की गायिका है' – पठित पदों के आधार पर सिद्ध कीजिए। 5

**5.** 'बादल राग' कविता को क्रान्ति का स्वरूप क्यों माना जाता है? समझाकर लिखिए। 5

**6.** 'इस नील विषाद गगन में -
सुख चपला-सा दुख घन में,
चिर विरह नवीन मिलन में,
इस मरू-मरीचिका-वन में -
उलझा है चंचल मन कुरंग।'

(क) प्रस्तुत पंक्ति के शीर्षक व कवि का नाम लिखें।

(ख) 'सुख' को कवि ने 'चपला' क्यों कहा है?

(ग) उक्त पंक्तियों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 2+1+2

**7.** 'बूँद टपकी एक नभ से' कविता में वर्णित प्रकृति-सौन्दर्य को स्पष्ट करें। 5

**8.** द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा करें। 5

**9.** हिन्दी साहित्य के विकास में मुंशी प्रेमचन्द के योगदान पर एक संक्षिप्त लेख लिखें। 5

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें — 2½+2½

कवि नागार्जुन, कवि अज्ञेय, निर्मल वर्मा

**11.** भाव-पल्लवन कीजिए — 5

धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।

*अथवा,*

दासत्त्व जहाँ है वहाँ स्तब्ध जीवन है।

**12.** किसी दर्शनीय स्थल का संक्षिप्त वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

**13.** अपने इलाके में बढ़ते हुए डेंगू के प्रतिरोध के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निवेदन करते हुए नगर निगम अधिकारी को एक पत्र लिखिए। 5

**14.** 'वर्तमान पीढ़ी पर फैशनपरस्ती का भूत सवार' — इस विषय पर एक प्रतिवेदन लिखिए। 5

**द्वितीय प्रश्नपत्र** **Full Marks-50**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दस* प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**1.** जीवन की सफलता के कौन-कौन से मापदण्ड हैं? 5

**2.** 'हमारी नयी संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है।'

(क) नयी संस्कृति क्या है?

(ख) अनुकरण कैसे किया जा रहा है?

(ग) उक्त पंक्ति की व्याख्या कीजिए। 1+1+3

**3.** कहानी-कला के आधार पर 'नमक का दरोगा' कहानी की समीक्षा कीजिए। 5

**4.** 'मजदूरी का ऋण तो परस्पर की प्रेम-सेवा से चुकता होता है, अन्न-धन देने से नहीं।'

(क) प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2+3

**5.** 'गजाधर बाबू का सारा जीवन ही त्रासद एवं अभिशप्त था।' — इस कथन की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। 5

**6.** 'मुझे नहीं जाना। मैं तो पेंशन की दरख्वास्तों में अटका हूँ।'

(क) प्रस्तुत कथन किसने-किससे कहा?

(ख) वक्ता ऐसा क्यों कहता है?

(ग) कथनकी सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2+1+2

**7.** 'आपका प्यार हमें जिंदगी के शिखर पर पहुँचा सकता है पर आपकी उपेक्षा हमारे व्यक्तित्व को बौना बनाकर रख देगी।'

(क) प्रस्तुत कथन के वक्ता एवं श्रोता का नाम लिखिए।

(ख) वक्ता किस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है?

(ग) सन्दर्भ सहित कथन की व्याख्या कीजिए। 2+1+2

*अथवा,*

'भटकन' एकांकी के आधार पर कला का चरित्र-चित्रण करें। 5

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *पाँच* प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 1×5

(क) कुंजरसिंह ने सबदल सिंह के साथ कैसा हल किया?

(ख) कुमुद की रक्षा के विषय में रामदयाल ने बड़ी रानी से क्या कहा?

(ग) कुंजर सिंह को विराटा की गढ़ी में किस प्रकार आश्रय मिला?

(घ) दाँगी कन्या कुमुद के दुर्गा का अवतार होने का विश्वास क्यों फैला?

(ङ) गोमती ने दुर्गा से क्या वरदान माँगा?

(च) अलीमर्दान ने विराटा पर तेजी से आक्रमण करने का निश्चय क्यों किया?

**9.** 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

**10.** दिए गए वाक्यों में से कारक शब्दों को चिह्नित कीजिए एवं उनके नाम लिखिए— 1×5

(क) प्रातःकाल सूर्य का प्रकाश सर्वत्र फैल गया।

(ख) रमा की आँखों से आँसू निकल पड़े।

(ग) माँ ने कंघी से बच्चे के बाल संवार दिए।

(घ) अरे लड़के! मैंने मना किया था न।

(ङ) डब्बू के लिए मैं आइसक्रीम लाया था।

**11.** दिए गए सामासिक पदों का समास-विग्रह करें एवं उनका नाम लिखें — 1×5

चरणकमल, अस्पष्ट, लालन-पालन, महाकाव्य, नवरत्न

**12.** प्रत्यय किसे कहते है? उसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित उत्तर दें। 5

**13.** निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें एवं स्वरचित वाक्यों में उनका प्रयोग करें — 1×5

अक्ल पर पत्थर पड़ना, उल्लू सीधा करना, गला छूटना, टका-सा मुँह लेकर रहना, चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना।

**14.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 150–200 शब्दों में) : 5×1

(क) राष्ट्र-निर्माण में विद्यार्थी का योगदान

(ख) जल संरक्षण : एक चुनौती

(ग) मेरे सपनों का भारत

(घ) इंटरनेट : लाभ और हानि